संख्या:185/2026/1453/35-4-2026/35-4002(003)/2/2026

प्रेषक,

अनिल कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अलीगढ़।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 22 सितम्बर, 2026

विषयः त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कार्य के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय शासनादेश संख्या:42/2026/528/35-4-2026/35-4002(003)/2/2026 दिनांक 29.03.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद अलीगढ़ में त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत 106 कार्यों की रू. 5366.44 लाख की लागत पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 1343.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी।

2- जिलाधिकारी, अलीगढ़ के पत्रांकः 6689/डी0एसटी0ओ0/त्व०आ०वि०यो०/2025-26 दिनांक 22.08.2026 द्वारा उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 29.03.2026 के क्रमांक-32 पर अंकित कार्य यथाः छर्रा में कासगंज अतरौली मार्ग पर शान्ति निकेतन आश्रम से दयानन्द सरस्वती इण्टर कालिज तक सड़क निर्माण कार्य, वि०ख० गंगीरी (छर्रा) (लम्बाई- 0.40 किमी0, लागत रू. 53.81 लाख) को नगर पंचायत छर्रा द्वारा स्वीकृत होना इंगित करते हुए उक्त कार्य की स्वीकृति को निरस्त किये जाने के अनुरोध के क्रम में उक्त कार्य की स्वीकृति को त्वरित आर्थिक विकास योजना से निरस्त किए जाने की श्री राज्यपाल स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उपर्युक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 29.03.2026, इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा। निरस्त कार्य हेतु अवमुक्त धनराशि रू. 13.00 लाख (रूपये तेरह लाख मात्र) को राजकोष के सुसंगत लेखाशीर्ष में जमा कराते हुए इसकी सूचना ट्रेजरी चालान की प्रति सहित शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

भवदीय,
अनिल कुमार सिंह
विशेष सचिव।

संख्या:185/2026/1453(1)/35-4-2026/35-4002(003)/2/2026 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, अलीगढ़ मंडल।
8- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
9- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखनऊ।
10- मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
11- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, अलीगढ़।
12- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
13- सम्बन्धित संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, नियोजन विभाग।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

14- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अलीगढ़।
15- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, अलीगढ़।
16- गार्ड फाईल।

अनिल कुमार सिंह
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।